ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, शनिवार 08 फरवरी 2025

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 1 अंक 333

दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा को स्पष्ट बहुमत:AAP ने 40 सीटें गंवाई; भाजपा को 71% स्ट्राइक रेट के साथ 40 सीटों का फायदा



24 न्यूज अपडेट

भाजपा ने दिल्ली में 27 साल बाद स्पष्ट बहुमत हासिल किया। दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों में से भाजपा ने 48 और आम आदमी पार्टी (AAP) ने 22 सीटें जीतीं। कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली है। भाजपा ने 1993 में 49 सीटें यानी दो तिहाई बहुमत हासिल किया था। 5 साल की सरकार में मदन लाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा और सुषमा स्वराज सीएम बनाए गए थे। 1998 के बाद कांग्रेस ने 15 साल राज किया। इसके बाद 2013 से आम आदमी पार्टी की सरकार थी। इस बार भाजपा की 71% स्ट्राइक के साथ 40 सीटें बढ़ीं। पार्टी ने 68 पर चुनाव लड़ा, 48 सीटें जीतीं। वहीं, AAP को 40 सीटों का नुकसान हुआ। आप का स्ट्राइक रेट 31% रहा।

भाजपा ने पिछले चुनाव (2020) के मुकाबले वोट शेयर में 9% से ज्यादा का इजाफा किया। वहीं, AAP को करीब 10% का नुकसान हुआ है। कांग्रेस को भले ही एक भी सीट नहीं मिली, लेकिन वोट शेयर 2% बढ़ाने में कामयाब रही।

दिल्ली रिजल्ट के इंटरेस्टिंग फैक्ट्स

2020 में भाजपा ने महज 8 सीटें जीती थीं। 2025 में 6 गुना ज्यादा यानी 48 से ज्यादा सीटों पर जीती।

केजरीवाल की नई दिल्ली सीट पर 20 उम्मीदवारों की जमानत तक जब्त हो गई। इन्हें मिले वोट तीन अंक तक भी नहीं पहुंच सके। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के परिणामों के अनुसार, कांग्रेस के 70 में से 68 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई है। केजरीवाल को प्रवेश वर्मा ने 4089 वोटों से हराया, जबकि संदीप दीक्षित को 4568 वोट ही मिले। भाजपा के दोनों पूर्व मुख्यमंत्रियों के बेटे चुनाव जीत गए हैं। नई दिल्ली से प्रवेश वर्मा और मोतीनगर से हरीश खुराना। प्रवेश पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे हैं। खुराना पूर्व सीएम मदन लाल खुराना के बेटे हैं।

मोदी ने 'यमुना मैया की जय' का नारा लगाया:कहा- इसे दिल्ली की पहचान बनाएंगे



24 न्यूज अपडेट

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद पीएम मोदी ने भाजपा हेडक्वॉर्टर में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत यमुना मैया की जय के नारे के साथ की। उन्होंने कहा- आज दिल्ली में दिल्ली के लोगों में एक उत्साह भी है और सुकून भी है। उत्साह विजय का है, सुकून दिल्ली को आप-दा से मुक्त कराने का है। आपने दिल खोलकर प्यार दिया। मैं दिल्लीवालों को नमन करता हूं। मोदी ने कहा कि आपके इस प्यार को विकास के लॉन्ग रूट पर हम लौटाएंगे। दिल्ली के लोगों का ये प्यार ये विश्वास हम सभी पर एक कर्ज है। दिल्ली की डबल इंजन सरकार दिल्ली का डबल तेजी से विकास करके ये कर्ज चुकाएगी। इससे पहले भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पीएम मोदी का स्वागत किया। उन्होंने कहा- यह चुनाव और इससे पहले का लोकसभा चुनाव में दिल्ली की जनता ने एकमत संदेश दिया। यह संदेश है कि दिल्ली के दिल में मोदी बसता है। इस कार्यक्रम में गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष और स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, भाजपा सांसद मनोज तिवारी और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा समेत बड़े नेता मौजूद हैं।

बाइडेन के सीक्रेट अमेरिकी फाइल्स देखने पर रोक:ट्रम्प का आदेश, कहा- उनकी याददाश्त ठीक नहीं; 2021 में बाइडेन ने यही किया था



24 न्यूज अपडेट

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन की सिक्योरिटी क्लियरेंस (खुफिया जानकारी तक पहुंच) रद्द कर दी है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि गोपनीय जानकारी तक बाइडेन की पहुंच बने रहने की कोई जरूरत नहीं है।

ट्रम्प ने कहा- हम तुरंत प्रभाव से बाइडेन की सिक्योरिटी क्लियरेंस को रद्द कर रहे हैं और उनको दैनिक तौर पर दी जा रही इंटेलिजेंस ब्रीफिंग रोक रहे हैं। साल 2021 में राष्ट्रपति बनने के बाद बाइडेन ने भी ट्रम्प के साथ ऐसा ही किया था। ट्रम्प ने दावा किया कि जस्टिस डिपार्टमेंट की रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि बाइडेन की याददाश्त खराब है। ऐसे में संवेदनशील जानकारी को लेकर उन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। ट्रम्प ने लिखा- मैं हमेशा हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा की हिफाजत करूंगा। हूर रिपोर्ट फरवरी 2024 में आई थी। इसमें कहा गया था कि बाइडेन अपने बेटे की मौत का साल और बराक ओबामा के दौर में उपराष्ट्रपति रहने के दौरान कई अहम घटनाओं को भूल चुके थे। हालांकि तब बाइडेन ने इस रिपोर्ट को खारिज कर दिया था।

बाइडेन ने भी ट्रम्प का सिक्योरिटी क्लियरेंस रद्द किया था ट्रम्प ने लिखा- बाइडेन ने 2021 में मिसाल कायम की थी। तब उन्होंने खुफिया समुदाय (इंटेलिजेंस कम्युनिटी) को अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति (ट्रम्प) की सिक्योरिटी क्लियरेंस रद्द कर दिया था। जबकि यह पूर्व राष्ट्रपतियों को दिया जाने वाला शिष्टाचार है।

तब ऐसा पहली बार हुआ था जब किसी पूर्व राष्ट्रपति का सिक्योरिटी क्लियरेंस रोक दिया गया था। बाइडेन के कहा था कि ट्रम्प के बर्ताव की वजह से ऐसा कदम उठाया गया। उन पर भरोसा नहीं किया जा सकता।

बाइडेन ने कहा था- ट्रम्प को सिक्योरिटी क्लियरेंस देने का कोई मतलब नहीं है। उनका अब कोई वजूद नहीं है, सिवाय इसके कि वे मुश्किलें खड़ीं कर सकते हैं सिक्योरिटी क्लियरेंस मिलने का मतलब क्या है? अमेरिकी राष्ट्रपतियों को सिक्योरिटी क्लियरेंस की जरूरत नहीं होती है और उन्हें अपने पद के आधार पर खुफिया जानकारी का एक्सेस होता है। पूर्व राष्ट्रपतियों को पारंपरिक तौर पर खुफिया ब्रीफिंग मिलती रही है, हालांकि इसकी पहुंच मौजूदा राष्ट्रपति के फैसले पर निर्भर है।

सिक्योरिटी क्लियरेंस के जरिए पूर्व राष्ट्रपति यह समझ सकते हैं कि दुनिया में क्या हो रहा है, खासकर उन देशों से जुड़ी खुफिया जानकारी हासिल कर सकते हैं जो अमेरिकी हितों से जुड़े हैं। उन्हें यह समझने में भी मदद मिलती है कि दुनिया में कौन से खतरे पैदा हो सकते हैं। ट्रम्प ने 50 से ज्यादा अफसरों का क्लियरेंस रोका ट्रम्प पहले ही 50 से ज्यादा पूर्व खुफिया अधिकारियों की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर चुके हैं। इन सभी पर बाइडेन के पक्ष में 2020 के चुनाव में हस्तक्षेप करने का आरोप लगा था।

भांजा-भांजी की शादी में भरा 3 करोड़ का मायरा:1.51 करोड़ रुपए नकद लेकर पहुंचे 3 मामा; सोने-चांदी के गहने और 2 प्लॉट भी दिए



24 न्यूज अपडेट

शादी में मायरा (भात) भरने की प्रथा को लेकर राजस्थान का नागौर जिला एक बार फिर चर्चा में है। 3 भाइयों ने अपने भांजे-भांजी की शादी में 1 करोड़ 51 लाख रुपए नकद, सोने-चांदी की ज्वेलरी और शहर में 2 प्लॉट समेत करीब 3 करोड़ रुपए का मायरा भरा।

जब भाइयों के साथ परिवार के लोग थाली में कैश, ज्वेलरी लेकर पहुंचे तो ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। मामला जायल तहसील के फरड़ोद गांव का है।

गांव के हर जाट परिवार को दी चांदी की मूर्तियां

जिले के साडोकन गांव निवासी हरनिवास खोजा, रामदयाल खोजा और हरचंद खोजा की ओर से यह मायरा भरा गया है। तीनों भाई अपनी बहन बीरज्या देवी पत्नी मदनलाल फरड़ोदा निवासी फरड़ोद के घर पर 7 फरवरी की सुबह मायरा भरने पहुंचे थे।

उन्होंने अपने भांजा सचिन और भांजी रेखा की शादी में मायरे के तौर पर 1.51 करोड़ रुपए नकद, 35 तोला सोने के गहने, 5 किलो चांदी के गहने, बर्तन, कपड़े और घरेलू सामान के साथ नागौर शहर में 20- 20 लाख की कीमत के 2 प्लॉट दिए। इसके साथ ही फरड़ोद गांव के हर जाट परिवार को एक-एक चांदी की मूर्तियां दीं।

इस तरह तीनों भाइयों ने सब कुछ मिलाकर करीब 3 करोड़ से ज्यादा का मायरा भरा, जिसकी जिलेभर में चर्चा रही। तीनों भाइयों की भांजी रेखा की शादी 7 फरवरी को हुई, जबकि भांजा सचिन की शादी 8 फरवरी (आज) को हुई।

3 बड़े बैग में लेकर पहुंचे नोटों के बंडल

मायरा की रस्म पूरी करने के लिए तीनों भाई 3 बड़े बैग में नोटों के बंडल और एक बैग में ज्वेलरी लेकर पहुंचे। रस्म के दौरान आवाज लगाकर पूरी रकम बताई गई, जिसके बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने तीनों भाइयों के परिवार की जमकर प्रशंसा की। मायरे में राजस्थान सरकार के पूर्व उप मुख्य सचेतक महेंद्र चौधरी, जायल के पूर्व प्रधान रिद्धकरण लामरोड़, नागौर की पूर्व जिला प्रमुख सुनीता चौधरी सहित ग्रामीणों की मौजूदगी रही।

पूर्व सरपंच और पूर्व जिला प्रमुख का परिवार

दूल्हे सचिन और दुल्हन रेखा के चचेरे भाई मनीष फरड़ोदा ने बताया- मदनलाल फरड़ोदा के पिता राधाकिशन फरड़ोदा, फरड़ोद ग्राम पंचायत के सरपंच रहे चुके हैं। मदनलाल की बहन सुनिता चौधरी नागौर जिला प्रमुख रहीं हैं। बहनोई महेंद्र चौधरी नावां से विधायक और उप मुख्य सचेतक रहे चुके हैं। मायरे में क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की।

जायल के पूर्व प्रधान रिद्धकरण लोमरोड़ ने कहा- साडोकन के खोजा परिवार ने फरड़ोद गांव में अपनी बहन के बड़ा मायरा भरकर जायल-खिंयाला के जाटों की ओर से भरे गए मायरे की याद दिला दी। मायरा भरने वाले तीन भाइयों में रामदयाल खोजा और हरचंद खोजा टीचर हैं, जबकि तीसरा भाई हरनिवास खेती किसानी करते हैं।



LIC का तीसरी-तिमाही में मुनाफा 16% बढ़कर 11,009 करोड़:नेट प्रीमियम इनकम 9% घटी, इंश्योरेंस कंपनी का शेयर एक साल में 26% गिरा



24 न्यूज अपडेट

देश की सबसे बड़ी इंश्योरेंस कंपनी LIC का वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में कॉन्सॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट सालाना आधार (YoY) पर 16% बढ़कर 11,009 करोड़ रहा। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी को 9,469 करोड़ का मुनाफा हुआ था।

लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (LIC) ने 7 फरवरी को तीसरी तिमाही के नतीजे जारी किए हैं। कंपनी की नेट प्रीमियम इनकम सालाना आधार पर 9% घटी है।

FY25 की तीसरी तिमाही में नेट प्रीमियम इनकम 1.07 लाख करोड़ रुपए रही। एक साल पहले की समान तिमाही यानी FY24 की तीसरी तिमाही में नेट प्रीमियम इनकम 1.17 लाख करोड़ रुपए रही थी।

LIC का शेयर एक साल में 26% गिरा

LIC का शेयर शुक्रवार को 2.15% घटकर 811 पर बंद हुआ। पिछले एक साल में कंपनी का शेयर 26.62% गिरा है। कंपनी का मार्केट कैप 5.16 लाख करोड़ रुपए है।



24 न्यूज अपडेट

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज यानी 8 फरवरी को भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के केंद्रीय बोर्ड के साथ मीटिंग की। इसमें उन्होंने इनकम टैक्स में दी गई राहत समेत आम बजट 2025-26 के प्रमुख प्रस्तावों के बारे में बताया। मीटिंग में आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा जी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस मीटिंग में वित्त मंत्री ने भारतीय रिजर्व बैंक बोर्ड के सदस्यों को संबोधित किया और सरकार द्वारा बजट में उठाए गए कदमों के बारे में बताया। इस मीटिंग के बाद RBI गवर्नर संजय मल्होत्रा, निर्मला सीतारमण और वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया के सवालों के जवाब दिए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में RBI गवर्नर ने कहा कि रेपो दर में कटौती से विकास और उपभोग को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि हम भारत को अधिक इन्वेस्टर फ्रेंडली और ट्रेड फ्रेंडली बनाना चाहते हैं। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि नए इनकम टैक्स बिल को अगले हफ्ते लोकसभा में पेश किया जाएगा।

इस हफ्ते सोना 2,613 महंगा होकर 84,699 के ऑलटाइम-हाई पर:चांदी के दाम में 1,858 रुपए का इजाफा; नए साल में 9,000 तक बढ़े दाम



24 न्यूज़ अपडेट

मौजूदा कारोबारी हफ्ते यानी सोमवार से शुक्रवार (3 जनवरी से 7 जनवरी) के दौरान सोना-चांदी के दाम में बड़ी बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार (31 जनवरी) को 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का दाम 82,086 रुपए था, जो अब 2,613 रुपए बढ़कर 84,699 रुपए पर पहुंच गया है।

इस दौरान एक किलो चांदी का दाम 1,858 रुपए बढ़कर 95,391 रुपए पर पहुंच गया है। पिछले शुक्रवार को ये 93,533 रुपए किलो पर थी। गोल्ड ने 7 फरवरी को 84,699 प्रति 10 ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया। वहीं, चांदी 23 अक्टूबर 2024 को 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

संपादकीय : राहत की दर

भारतीय रिजर्व बैंक ने आखिरकार लंबे इंतजार के बाद, रेपो दर में पच्चीस आधार अंक की कटौती की है। करीब पांच वर्ष पहले चालीस आधार अंक की कटौती की गई थी, जिससे ब्याज दर चार फीसद पर पहुंच गई थी। मगर बढ़ती महंगाई पर काबू पाने के मकसद से तीन वर्ष पहले थोड़े-थोड़े अंतराल पर पांच बार पच्चीस-पच्चीस आधार अंकों की बढ़ोतरी की गई, जिससे ब्याज दर साढ़े छह फीसद पर पहुंच गई। तब से यह दर इसी स्तर पर बनी हुई थी। रेपो दर ऊंची होने का असर बैंकों से लिए गए कर्ज के ब्याज पर पड़ रहा था। जिन लोगों ने मकान, वाहन या किसी रोजगार के लिए कर्ज लिए हैं, उन्हें अधिक ब्याज चुकाना पड़ रहा था। इसलिए मांग की जा रही थी कि रेपो दर में कटौती की जाए। मगर रिजर्व बैंक इस दिशा में कदम बढ़ाने से इसलिए हिचक रहा था कि महंगाई पर काबू पाना चुनौती बना हुआ था। अब महंगाई का रुख कुछ नीचे की तरफ नजर आने लगा है। अगले वित्त वर्ष में इसके चार फीसद के आसपास रहने का अनुमान है। रिजर्व बैंक का लक्ष्य भी यही है कि महंगाई को चार फीसद के आसपास समेट दिया जाए। स्वाभाविक ही, रेपो दर में कटौती से मकान, वाहन आदि के लिए कर्ज पर ब्याज का बोझ कुछ कम होगा। दरअसल, केंद्रीय दर में बढ़ोतरी इसलिए की जाती है कि बाजार में पूंजी के प्रवाह को रोका जा सके, मांग घटे, ताकि महंगाई की दर नीचे उतरनी शुरू हो जाए । इसलिए रेपो दर में कटौती से बाजार में पूंजी का प्रवाह कुछ बढ़ सकेगा। इस तरह मांग भी कुछ बढ़ेगी। मगर देखने की बात है कि केवल पच्चीस आधार अंक की कटौती से बाजार में छाई सुरती कितनी टूट पाएगी। दरअसल, बैंकों का कारोबार भी काफी मंद पड़ा हुआ है इसलिए वे एकदम से रेपो दर में हुई कटौती का लाभ अपने ग्राहकों को देना शुरू कर देंगे, कहना मुश्किल है। लंबे समय से रेपो दर ऊंची रहने से लोगों ने वाहन और मकान वगैरह खरीदने से हाथ रोक रखा था, ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि फिर से लोग इन क्षेत्रों की तरफ आकर्षित होंगे। सबसे चिंता की बात पिछले कुछ समय से विनिर्माण क्षेत्र में गिरावट बनी हुई थी। जिस विनिर्माण क्षेत्र के बल पर सकल घरेलू उत्पादन ऊंचा बना हुआ था, वह मांग घटने की वजह से तीन फीसद के आसपास सिमट गया है। तेजी से बिकने वाले उपभोक्ता उत्पाद की बिक्री पर भी बुरा असर देखा जाने लगा है। ऐसे में रेपो दर में कटौती का कुछ अच्छा असर विनिर्माण क्षेत्र पर पड़ने की उम्मीद है। मगर, बाजार में छाई सुस्ती और मांग में कमी आने की वजह केवल ऊंची रेपो दर नहीं है। इसका सबसे बड़ा कारण प्रति व्यक्ति आय में कमी है। कोरोना की बंदी के बाद बाजार तेजी से पटरी पर तो लौटा, मगर लोगों की आमदनी में बढ़ोतरी नहीं हो पाई। कई मामलों में प्रति व्यक्ति आय घटी है, जबकि उसकी तुलना में महंगाई काफी बढ़ गई है। इसलिए लोगों ने अपने दैनिक उपभोग में कटौती की है। रेपो दर में कटौती से जरूर लोगों की जेब पर पड़ने वाला बोझ कुछ कम होगा, मगर पच्चीस आधार अंक की कटौती इतनी मामूली हैं कि वह लोगों के उपभोग व्यय के रूप में रूपांतरित हो पाएगी, कहना मुश्किल है।

हादसों का सिलसिला

इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि किसी बहुप्रचारित आयोजन में एक ही तरह के हादसे बार-बार सामने आएं और उनसे सबक लेना जरूरी न समझा जाए। महाकुंभ मेले में शुक्रवार को एक बार फिर आग लग गई। हालांकि इसमें किसी की जान नहीं गई और आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन सच यह है कि वहां लापरवाही की वजह से ऐसे हादसे एक तरह का सिलसिला बन गए हैं। महाकुंभ की शुरुआत से अब तक आग लगने की कई घटनाएं हो चुकी हैं। किसी भी हादसे का सबक यह होना चाहिए कि कम से कम उसके बाद ऐसे इंतजाम किए जाएं, ताकि फिर वैसा दुबारा न हो । मगर यह समझना मुश्किल है कि पहली बार व्यापक पैमाने पर आग भड़कने और उसमें कई पंडाल जल कर खाक हो जाने के बावजूद व्यवस्था के मोर्चे पर अब भी लापरवाही क्यों कायम है। सवाल है। कि आग लगने से उपजने वाले जोखिम की गंभीरता की ऐसी अनदेखी की क्या वजह है और क्या इस तरह की लापरवाही के लिए किसी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। यह छिपा नहीं है कि सरकार की ओर से महाकुंभ में हर स्तर पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था और सुविधाएं मुहैया कराने का दावा करते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को वहां पहुंचने के लिए प्रेरित किया गया था। ऐसे बहुत सारे लोग होंगे, जिन्होंने सरकार के उन वादों के भरोसे वहां जाना तय किया । मगर यह अफसोस की बात है कि सरकारी दावे जमीनी स्तर पर उतने प्रभावी नहीं दिख रहे। आग लगने की कई घटनाओं से इतर मौनी अमावस्या के दिन स्नान के मौके पर हुई भगदड़ और उसमें कई लोगों की जान जाने से यही पता चलता है कि हादसों से बचाव के लिए निगरानी और चौकसी के मोर्चे पर सरकार नाकाम रही है। एक के बाद एक हादसों के मद्देनजर सरकार को यह सोचने की जरूरत है कि उसकी व्यवस्था में किस स्तर पर कोताही या निर्देशों की अनेदखी हो रही है। वरना आग लगने की कोई घटना कभी ऐसी शक्ल भी ले सकती है, जो भगदड़ और उसके नतीजों की तरह भयावह त्रासदी साबित हो जाए।

वेदांता उदयपुर वर्ल्ड म्यूजिक फेस्टिवल 2025 का दूसरा दिन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 08 फरवरी, 2025। वेदांता उदयपुर वर्ल्ड म्यूजिक फेस्टिवल 2025 ने लेक सिटी उदयपुर के तीन महत्वपूर्ण स्थल सुबह मांजी का घाट, दोपहर फतेहसागर पाल और शाम को गांधी ग्राउंड भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय संगीत के संगीत के साथ दूसरे दिन सुरमयी संगीत के गवाह बने। हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड और राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग के सहयोग और सहर द्वारा परिकल्पित यह महोत्सव सभी के लिए निःशुल्क है, जिसमें दर्शकों को विश्व की विभिन्न संगीत परंपराएं और प्रस्तुतियों से दर्शक रूबरू हुए। सुबह की शुरुआत सिटी पैलेस और जग मंदिर के सामने मांजी का घाट से हुई, जहां दर्शकों ने ऋत्विक राजा के भावपूर्ण कर्नाटक संगीत के साथ शांतिपूर्ण शुरुआत का आनंद लिया। इसके बाद ईरान के डेलगोचा एन्सेम्बल ने दर्शकों को रदीफ परंपरा के माध्यम से फारसी शास्त्रीय संगीत से परिचित कराया। दोपहर में, फतेहसागर पाल में शांत पानी की लहरों और आरामदायक वातावरण में संगीतकारों ने सुबह की ताजगी और गुनगुनी धूप को श्रोताओं के दिल में उतार दिया। फतहरसागर पर चिजई ने पॉप और फंक के अपने फ्यूजन से वहां मौजूद संगीत प्रेमियों का मनोरंजन किया, जबकि अली डोगन गोनुलतास और उनके कलाकारों ने कुर्दिस्तान और तुर्की की लोक परंपराओं को जीवंत कर दिया। सत्र का समापन करश काले और पीटर टेगनर के साथ हुआ, जिन्होंने अद्वितीय साउंडस्केप के लिए इलेक्ट्रॉनिक और ध्वनिक संगीत का मिश्रण किया। सेहर के संस्थापक-निदेशक संजीव भार्गव ने कहा कि इस उत्सव की योजना बनाने में एक साल लगता है, जिसमें हर विवरण पर सावधानीपूर्वक विचार किया जाता है ताकि हम हर साल दर्शकों के लिए एक अनूठा अनुभव बना सकें। कलाकार से लेकर मंच की सजावट तक हर तत्व को उदयपुर जैसे शहर की प्राकृतिक लय के साथ संगीत को मिलाने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया है।



अनगढ बावजी मन्दिर में चोरी करने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार, लोहे की एंगल बरामद



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. चित्तौड़गढ़। मण्डफिया थाना पुलिस ने अनगढ बावजी मन्दिर परिसर नरबदिया से हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए तीन आरोपियो को गिरफतार किया है। वही चोरी गया सामान लोहे की एंगले बरामद की है। पुलिस अधीक्षक से सुधीर जोशी ने बताया कि दिनांक 03 फरवरी 2025 को प्रार्थी भैरूलाल गाडरी निवासी भुतखेडा थाना मण्डफिया हाल सचिव श्री अमरा भगत सेवा संस्थान अनगढ बावजी धुनी नरबदिया ने अनगढ बावजी मन्दिर परिसर मे स्थित सामुदायिक भवन के पास रखी लोहे की एंगले चोरी होने के सम्बंध मे प्रकरण दर्ज करवाया जिस पर प्रकरण दर्ज कर उक्त घटना मे चोरी गये माल की बरामदगी एव आरोपियो की तलाश हेतु सरिता सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय चितौडगढ के निर्देशन मे अनिल कुमार शर्मा वृताधिकारी भदेसर के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी गोकुललाल डांगी के नेतृत्व में एक पुलिस टीम एएसआई शंकरसिह ,हैडकानि देवीलाल , दुर्गाशंकर, कानि अमन , संदीप की एक टीम गठित की गई। टीम द्वारा आसुचना संकलन करते हुए प्रकरण में पन्नालाल उर्फ पवन मेघवाल पिता नारायण मेघवाल निवासी भटेवर थाना खेरोदा जिला उदयपुर, तथा किशनलाल पिता लेहरूलाल गाडरी निवासी नरबदिया थाना मण्डफिया,एवं अम्बालाल उर्फ गणेश डामोर पिता गोतम जी डामोर जाति मीणा उम्र 22 साल निवासी नेगडिया पाडा भमेडी थाना घंटाली जिला प्रतापगढ को गिरफतार कर मुल्जिमो के कब्जे से प्रकरण मे चोरी गया माल लोहे की एंगले कुल नंग 49 को बरामद की गई।

40 साल पुराने मित्रों के बीच गांव पहुंचे राज्यपाल



24 न्यूज अपडेट

राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े अपने 40 साल पुराने मित्रों के बीच आए और कुछ समय बिताया। राज्यपाल ने उनके साथ चाय लेते हुए पुरानी यादों को ताजा की।

वे आज दोपहर बाद सलूंबर स्थित चावंड में महाराणा प्रताप की समाधि स्थल पर पहुंचे। महाराणा प्रताप की 428वीं पुण्यतिथि पर राज्यपाल दोपहर में चावंड हेलीपेड पर पहुंचें और महाराणा प्रताप की समाधि स्थल पर पहुंचे और उनको नमन किया। समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर राज्यपाल हरिभाऊ किशन राव बागडे सगतडा गांव पहुंचे । जहां करीब 40 साल पुराने मित्रों से आत्मीय मुलाकात की। साथ ही पुरानी यादें ताजा करते हुए नरेंद्र जोशी के साथ बातचीत कर कुशलक्षेम पूछी। इससे पूर्व राज्यपाल के पहुंचने पर हेमराज जोशी के घर पर मेवाड़ी परम्परा से स्वागत किया गया। उन्होंने अपने पुराने मित्र स्व. भगवान जोशी के पुत्र मोहन जोशी व हरिराम जोशी से मिलकर उनसे चर्चा की। करीब 12 मिनट तक रुके और अपने परिचितों के साथ चाय के साथ मराठी भाषा में चर्चा की। बताते है कि राजनीति में आने से पहले राज्यपाल किसान थे। जब खेत से निकली हुई सब्जियों को मंडी में बेचने के लिए जाते थे तब उनकी मुलाकात जोशी परिवार से संभाजी नगर (महाराष्ट्र) में हुई थी । जोशी परिवार वहां पर होटल व्यवसाय करता था। नरेंद्र जोशी बताते है कि राज्यपाल जब किसान थे तब वे गांव से बैलगाड़ी में सब्जी और उत्पाद लेकर बेचने आते थे तब से हम साथ ही बैठते और उठते थे। वहां से हमारा परिचय हुआ। बाद में जनसंघ में ज्वॉइन किया और उसके बाद राजनीति में आगे बढ़ते गए और विधायक बने। राज्यपाल से आज मिला तो उसी अंदाज से बात की। मेरे डायबिटीज के बारे में पूछा और बच्चों के बारे में पूछा। आज गांव के आधा दर्जन मित्र राज्यपाल के साथ थे। इन सबका होटल लाइन का बिजनेस था महाराष्ट्र में तब वहां मिलते थे। इससे पहले महाराणा प्रताप स्मारक समिति की ओर से महाराणा प्रताप की 428वीं पुण्यतिथि पर आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि मेरे कार्यालय में भी मैंने महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित करवाई है, इससे हमें अनवरत प्रेरणा मिलती रहेगी। मेवाड़ के महाराणा प्रताप और महाराष्ट्र के शिवाजी महाराज ने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र की आराधना में समर्पित किया है, ऐसे महानायकों को मैं कोटि-कोटि प्रणाम करता हूं।

53 किलो 660 ग्राम अवैध अफीम डोडाचुरा जब्त , 4 आरोपी गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. चित्तौड़गढ़। कोतवाली निंबाहेड़ा थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 53 किलो 660 ग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा जब्त कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ की धरपकड़ कार्यवाही के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत सरिता सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चित्तौडगढ एंव बद्रीलाल राव वृताधिकारी निम्बाहैडा एवं रामसुमेर पु.नि. थानाधिकारी कोतवाली निम्बाहैडा के निर्देशन में 7 फरवरी को कन्हैया लाल उप निरीक्षक मय जाप्ता एएसआई सुरज कुमार, हैडकानि हरविन्दर सिह , कानि.जगदीश अमीत, विजय सिंह, हेमन्त, चालक शंकरलाल की टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा गश्त की जा रही थी। इस दौरान जलिया बाईपास तिराया पर पहुचे जहां चार व्यक्ति पीछे पिठु बैग लटकाये हुए खडे थे जो पुलिस वाहन व पुलिस जाप्ता को बावर्दी देख कर एक दम भागने का प्रयास करने लगे। जिनको ईन्चार्ज थाना कन्हैया लाल उ.नि मय जाप्ता द्वारा पुलिस वाहन से निचे उतर कर उक्त चारों व्यक्तियों को बमुश्किल घेरा देकर रोक कर यथास्थिति में रहने की हिदायत दी गई। पवन कुमार पिता बिशन दास जाति रविदास उम्र 32 साल निवासी ढीलो बस्ती थाना वर्धमान जिला भटिण्डा (पंजाब), गुरूप्रित सिह पिता रवीन्द्र सिह उम्र 28 साल निवासी ढीलो बस्ती थाना वर्धमान जिला भटिण्डा (पंजाब), परसाराम पिता बाबुलाल जाति बिश्नोई उम्र 35 साल निवासी चिरढाणी थाना पिपाड सीटी जिला जोधपुर, पुनमदास पिता ओमदास उम्र 20 साल निवासी दासो का बास सिलारी पुलिस थाना बिलाडा जिला जोधपुर के कब्जे शुदा कुल चार बेगों से कुल 53 किलो 660 ग्राम अवैध अफीम डोडा चुरा जप्त कर चारों आरोपियों को गिरफतार किया गया।

22 किलो 860 ग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. चित्तौड़गढ़। बस्सी थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान 22 किलो 860 ग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि लोकल एवं स्पेशल एक्ट की कार्यवाही हेतू अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सरिता सिह के निर्देशन एवं वृताधिकारी ग्रामीण चितौडगढ शिव प्रकाश टेलर के पर्यवेक्षण मे थानाधिकारी मनीष वैष्णव पु.नि. मय जाप्ता हेड कांस्टेबल राजेन्द्र कानि मटूल ,लादूलाल द्वारा दौराने नाकाबन्दी सुनील पिता भेपाराम विश्नोई उम्र 21 साल निवासी लाम्बा थाना बिलाडा जिला जोधपुर तथा रामनिवास उर्फ सांवर पिता बाबूलाल विश्नोई उम्र 22 साल निवासी खेडी सालवा थाना डांगीयावास जिला जोधपुर के कब्जेशुदा मोटर साइकिल से 22 किलो 860 ग्राम अफिम डोडा चूरा जप्त कर अभियूक्त को गिरफतार किया गया। अभियुक्त से विस्तुत अनुसंधान जारी है।

मोटरसाइकिल चोरी की वारदात का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार, चोरी की मोटरसाईकिल बरामद



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़। मंगलवाड़ थाना पुलिस ने गैरेज से मोटरसाइकिल चोरी करने की वारदात का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चोरी की गई मोटरसाइकिल भी बरामद । पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया दिनांक 01 फरवरी 2025 को प्रार्थी उदयलाल जाट निवासी तितरडा थाना मंगलवाड द्वारा रिपोर्ट पेश की कि प्रार्थी की दुकान देव ऑटो गेराज एवं सर्विस सेन्टर पर खडी ग्राहक की टीवीएस मोटरसाईकिल को अज्ञात चोर चोरी कर ले गये उक्त रिपोर्ट पर प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चित्तौड़गढ़ सरितासिंह के निर्देशन में व पुलिस उप अधीक्षक वृत बडीसादडी देशराज कुलदीप के सुपरविजन में भगवानलाल थानाधिकारी पुलिस थाना मंगलवाड द्वारा एएसआई प्रेमनाथ मय जाप्ता की टीम गठित की गई टीम द्वारा आसुचना संकलन कर चोरी का पर्दाफाश कर मोटरसाईकिल चोरी करने वाले 01. मकना पिता कोदरिया जाति ढाबी उम्र 31 वर्ष निवासी चरपोटा थाना पाटन जिला बांसवाडा, 02. फारूख पिता गफार मोहम्मद जाति मुसलमान उम्र 30 वर्ष निवासी मंगलवाड चौराहा थाना मंगलवाड जिला चित्तौडगढ़ तथा उक्त चोरी की गई मोटरसाईकिल को खरीदने वाले 03. तौसिफ अंसारी पिता असफाक अंसारी जाति मुसलमान उम्र 21 वर्ष निवासी राव मोहल्ला मंगलवाड थाना मंगलवाड जिला चित्तौडगढ को गिरफ्तार कर माल मसरूका मोटरसाईकिल को बरामद किया गया।

प्रयागराज में राजस्थान केबिनेट का महासंगम, संगम में लगाई डुबकी

24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा महाकुंभ-2025 के अवसर पर शनिवार (एकादशी) को मंत्रिपरिषद् के सहयोगियों एवं विधायकों के साथ प्रयागराज पहुंचे। उनके आगमन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों ने प्रयागराज एयरपोर्ट पर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री शर्मा, मंत्रिपरिषद् के सदस्य, सांसद व विधायकगण संगम स्थल पहुंचे, जहां से बोट द्वारा त्रिवेणी घाट पहुंच कर उन्होंने संगम में डुबकी लगाकर स्नान किया व जय श्री राम के उद्घोष के साथ पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक साथ संगम में आस्था की डुबकी लगाई और देश व प्रदेश की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ में आस्था का जनसैलाब उमड़ रहा है। यह हमारी संस्कृति और संत, ऋषि व मुनियों की विरासत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विकास और विरासत को साथ लेकर आगे बढ़ रहे हैं और उनके नेतृत्व में विरासत का संरक्षण हो रहा है। विश्व का हर व्यक्ति महाकुंभ में आने के लिए लालायित हैं। श्री शर्मा ने महाकुंभ की सुनियोजित व्यवस्थाओं के लिए केन्द्र सरकार व उत्तरप्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार विकास के पथ पर विरासत संरक्षण के ध्येय के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर महाकुंभ मेले में राजस्थान से जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए राजस्थान मंडप तैयार करवाकर निःशुल्क आवास, भोजन एवं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवायी जा रही हैं।

इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा सहित मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण सहित गणमान्यजन उपस्थित रहें।















महाकुंभ में दो सीएम ने एक साथ डुबकी लगाई:वीकेंड पर 12 KM पहले रोक रहे गाड़ी; श्रद्धालु बोले-पैदल बहुत चलना पड़ रहा



24 न्यूज अपडेट

महाकुंभ में शनिवार को दो मुख्यमंत्री राजस्थान के भजनलाल शर्मा और मध्य प्रदेश के मोहन यादव पहुंचे। दोनों मुख्यमंत्रियों ने संगम में एक साथ डुबकी लगाई। भजनलाल अपने 115 विधायकों के साथ आए हैं। राजस्थान मंडपम में राजस्थान कैबिनेट की बैठक हुई। वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी अपनी पत्नी के साथ संगम स्नान किया। आज एकादशी और शनिवार होने की वजह से संगम पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ है। संगम पर श्रद्धालुओं को रुकने नहीं दिया जा रहा। पुलिस स्नान के बाद श्रद्धालुओं को वहां से निकाल रही है।

प्रयागराज-वाराणसी और नैनी से आने वाली सड़क पर 4-4 KM तक जाम लगा है। शहर में भी जगह-जगह जाम की स्थिति है। श्रद्धालुओं का कहना है- पैदल बहुत चलना पड़ रहा है। हमारी गाड़ियों को 12 KM पहले ही रोक दिया गया है। वहां से हम लोग पैदल आ रहे हैं।

आज शाम 6 बजे तक 1.22 करोड़ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। 13 जनवरी से अब तक 40.68 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। अभी मेला 18 दिन और चलेगा। वहीं, महाकुंभ से अखाड़े वापस जाने लगे हैं। कल्पवासी भी घर लौटने लगे हैं। इसके लिए नया ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है। 8 फरवरी की रात 8 बजे से 9 फरवरी की सुबह 4 बजे तक वाहनों को एंट्री मिलेगी।

महाकुंभ के त्रिवेणी संगम में शहर विधायक ताराचंद जैन ने मुख्यमंत्री के साथ लगाई डुबकी



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के विधायकों के साथ महाकुंभ में त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। मुख्यमंत्री शर्मा के साथ उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने भी महाकुंभ में त्रिवेणी संगम पर डुबकी लगाई। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को जयपुर एयरपोर्ट से विशेष विमान से प्रदेश के विधायकों को महाकुंभ में स्नान करवाने के लिए निकले। प्रयागराज एयरपोर्ट से सरकार द्वारा की गई बसों से सभी विधायक त्रिवेणी संगम पहुंचे, जहां पर विधायकों ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। डुबकी लगाने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और शहर विधायक ताराचंद जैन और अन्य विधायक राजस्थान सरकार की ओर से प्रयागराज में लगाए गए राजस्थान मण्डप में पहुँचे, जहां पर सभी ने खाना खाया। शाम को बसों से पुनः प्रयागराग एयरपोर्ट पहुँचे और वहां से पुनः विशेष विमान से जयपुर पहुंचे। यह जानकारी ललित तलेसरा मीडिया प्रभारी (शहर विधायक) ने दी।

जोधपुर में पिकनिक पर आए बच्चे की डूबने से मौत:खेलते हुए पार्क की नहर में गिरा, परिजन डेढ़ घंटे तक ढूंढ़ते रहे; 15 मिनट में शव निकाला



24 न्यूज अपडेट

परिवार के साथ पार्क में घूमने आया 2 साल का मासूम नहर में डूब गया। परिजन उसे डेढ़ घंटे तक तलाशते रहे। इसके बाद नहर में की ओर तलाश करने के लिए गोताखोरों को सूचना दी गई। गोताखोरों ने यहां से मासूम के शव को 15 मिनट में बाहर निकाल लिया। मासूम का शव देख परिजन बदहवास हो गए। नहर के पास बैठकर रोते रहे। वहीं प्रशासन पर आरोप लगाया कि यहां नहर के आसपास कोई रेलिंग भी नहीं थी। हादसा इसी कारण हुआ है।

मामला जोधपुर के मंडोर थाना इलाके के मंडोर उद्यान का शनिवार दोपहर 2 बजे का है।

डेढ़ घंटे तक ढूंढते रहे परिजन

जानकारी के अनुसार, अब्दुल (2) अपने परिवार के साथ मंडोर उद्यान घूमने आया था। अब्दुल के पिता शाहिद रेलवे स्टेशन के पास होटल चलाते हैं। वह परिजनों के साथ आसपास ही खेल रहा था। इसी दौरान करीब 10 मिनट तक वह नजर नहीं आया तो परिजनों ने उसे ढूंढना शुरू किया। करीब डेढ़ घंटे तक पार्क में इधर-उधर ढूंढते रहे। इसी दौरान पार्क में आए अन्य लोगों ने राय दी कि नहर की तरफ भी ढूंढ लीजिए।

काई में फंसा था मासूम

परिजनों के नहर के आसपास देखा तो अनहोनी की आशंका हुई। इसी दौरान गोताखोरों की टीम को बुलाया गया। बच्चा इस नहर की काई में फंसा हुआ था। गोताखोरों ने 15 मिनट में नहर में से 2 साल के अब्दुल को निकाल लिया। उसकी पानी में दम घुटने से मौत हो चुकी थी। इसके बाद मौके पर पुलिस को भी बुलाया गया।

बता दें कि परिजन बच्चे का शव देखकर रोते रहे। वहीं निगम पर आरोप लगाया कि यहां नहर की कई महीनों से सफाई नहीं हुई है। पूरी नहर के ऊपर काई जमी है।

अमेरिका के राष्ट्रपति का पुतला जलाया:भारतीय नागरिकों को जंजीरों से बांधकर भेजने का विरोध, कोटा में प्रदर्शन




24 न्यूज अपडेट


भारतीय नागरिकों को अमेरिका से हाथों में जंजीरें बांधकर भारत भेजने के मामले को लेकर कोटा के लोगों में आक्रोश है। बोरखेड़ा इलाके के स्थानीय लोगों ने घटना के खिलाफ प्रदर्शन कर डोनाल्ड ट्रंप का पुतला जलाया।

स्थानीय निवासी दीपक सिंह ने बताया- 104 भारतीय लोगों को अमेरिका से डिपोर्ट कर 5 फरवरी को यूएस मिलिट्री की ओर से भारत भेजा गया। अमरीकी आर्मी का प्लेन अमृतसर एयरपोर्ट पर उतरा था। इस प्लेन में मौजूद सभी भारतीयों के हाथ-पैर जंजीरों से बांधे गए थे। देश के नागरिकों को किस तरह से अपमानित किया गया। भारतीय छोटे बच्चे, महिलाएं बड़ों के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। इस तरह का व्यवहार हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। अमेरिका पूरे विश्व में सबसे बड़ा राष्ट्र की पहचान रखता है तो उसे अपना दिल भी बड़ा रखना चाहिए। भारत देश में भी बाहर के देश के लोग काम करते हैं। बांग्लादेशी, नेपाली अन्य देश के लोग भी काम करते हैं लेकिन उन लोगों को कोई भी भारतीय बेवजह परेशान नहीं करता। इसके विरोध में बोरखेड़ा इलाके के देवली अरब रोड पर स्थानीय निवासियों ने डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति का पुतला जलाया और ट्रंप के खिलाफ नारेबाजी की गई। भारत की सरकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मामले में हस्तक्षेप करें।

जोधपुर में पति ने पत्नी की सिर फोड़कर हत्या की:लोहे के पाइप से ताबड़तोड़ वार किए; पुलिस ने हिरासत में लिया



गौतम नागौरी



मोनिका नागौरी

24 न्यूज अपडेट

घरेलू विवाद में जोधपुर में पति ने बेरहमी से पत्नी की हत्या कर दी। लोहे के पाइप से उसके सिर पर इतने वार किए कि पूरा सिर फट गया। घर में फर्श पर खून ही खून हो गया। पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। मामला जोधपुर के माता का थान इलाके के कीर्ति नगर में शुक्रवार देर रात का है।

माता का थाने के SHO भंवर सिंह जाखड़ ने बताया- कीर्ति नगर निवासी महिला मोनिका नागौरी की उसके पति गौतम नागौरी के बीच शराब पीने की बात पर कहासुनी हुई थी। आवेश में आकर गौतम ने लोहे के पाइप से मोनिका के सिर पर ताबड़तोड़ वार किए। मोनिका ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

आरोपी गौतम नागौरी उर्फ गौतम नागौरा (37) पत्नी मोनिका (35) हत्या के बाद मौके से फरार हो गया था। लेकिन, तकनीकी सूचना के आधार पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। हत्या का पता घर के बाहर मौजूद बच्चों को सबसे पहले लगा था। उन्होंने मां (मोनिका) के रोने और चिल्लाने की आवाज सुनी तो अपने मामा विजय कुमार को फोन कर बताया। बच्चों ने मामा से कहा कि पापा मां को मार रहे हैं। इसकी सूचना मिलते ही पीहर पक्ष के लोग पहुंचे।

तब तक गौतम अपनी पत्नी मोनिका को मार चुका था।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के 44 अपात्र लाभार्थियों को नोटिस

24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, जयपुर। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने वाले अपात्र व्यक्ति के लिये खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा 3 दिसम्बर, 2024 से 'गिव अप' अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के अन्तर्गत ऊपर वर्णित अपात्र व्यक्ति अपना नाम खाद्य सुरक्षा योजना से हटवाने हेतु आवेदन कर सकते हैं। 28 फरवरी 2025 तक स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की जायेगी। जिला रसद अधिकारी त्रिलोकचंद मीणा ने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशानुसार कार्यालय जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम के द्वारा नोटिस जारी किये जा रहे हैं। जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम द्वारा 23 अपात्र लाभार्थियों एवं जिला रसद अधिकारी जयपुर द्वितीय द्वारा 21 अपात्र लाभार्थियों सहित कुल 44 अपात्र लाभार्थियों को नोटिस जारी किये गये हैं। उन्होंने बताया कि गिव अप अभियान के अन्तर्गत खाद्य सुरक्षा सूची की निष्कासन श्रेणी में सम्मिलित परिवार यथा ऐसे परिवार जिनमें कोई भी एक सदस्य सरकारी, अर्द्ध सरकारी, स्वायत्तशासी संस्थाओं में नियमित कर्मचारी या अधिकारी हो अथवा 1 लाख रुपये वार्षिक से अधिक पेंशन प्राप्त करता हो अथवा जिसके सभी सदस्यों की कुल आय 1 लाख रुपये वार्षिक से अधिक हो या निजी चौपहिया वाहन धारक या आयकरदाता हो सम्मिलित है, को प्रेरित कर खाद्य सुरक्षा सूची से अपना नाम स्वेच्छा से पृथक करवाए जाने हेतु आवेदन करवाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जयपुर शहर में अब तक हजारों परिवारों द्वारा गिव अप अभियान के अन्तर्गत आवेदन कर अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाया गया है। पूर्व में उक्त अभियान की अन्तिम तिथि 31 जनवरी 2025 निर्धारित थी परन्तु वर्तमान में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा उक्त अवधि को 28 फरवरी 2025 तक बढ़ाया जाकर अपात्र व्यक्तियों को स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाये जाने हेतु अवसर प्रदान किया गया है।

लोकतांत्रिक गणराज्य भारत की सनातन अवधारणा - डॉ. राधा मोहन अग्रवाल

-दो दिवसीय नवम युवा इतिहासकार राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारम्भ

-आठ तकनीकी सत्रों में भारतीय इतिहास, संस्कृति और संविधान पर युवा इतिहासकार कर रहे मंथन



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। उदयपुर में जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ में दो दिवसीय नवम युवा इतिहासकार राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें भारतीय इतिहास, संस्कृति और संविधान पर चर्चा हुई। अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना और माधव संस्कृति न्यास नई दिल्ली के सहयोग से हुए इस आयोजन में आठ तकनीकी सत्रों के माध्यम से युवाओं ने गहन विचार मंथन किया। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल ने उद्घाटन सत्र में कहा कि भारत प्राचीन काल से लोकतांत्रिक गणराज्य रहा है। सिकंदर के आक्रमण के समय पोरस के साथ अन्य जनपद गणराज्यों ने उसका डटकर सामना किया था लेकिन इतिहासकारों ने इस तथ्य को हमेशा दबाया। भारतीय संविधान में मोहनजोदड़ो, गुरुकुल, श्रीकृष्ण, धर्म, शिव, श्रीराम, हिमालय और महात्मा गांधी के चित्र हमारे सनातन मूल्यों को दर्शाते हैं परंतु इन्हें भारतीय दृष्टिकोण से कभी समझाया नहीं गया। उन्होंने संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि संविधान अच्छा या बुरा नहीं होता, बल्कि उसका पालन करने वालों की नीयत पर निर्भर करता है। सकारात्मक नीयत वाले लोग संविधान की अच्छी बातों को अपनाते हैं जबकि स्वार्थी लोग अपने लाभ के लिए इसका गलत उपयोग करते हैं। उन्होंने रामायण और महाभारत का उदाहरण देते हुए अहिल्या उद्धार को मानवाधिकार का प्रारंभिक स्वरूप बताया। लंका पर राम के आक्रमण को उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक से जोड़ा। उन्होंने यह भी बताया कि कांग्रेस के कमलापति त्रिपाठी ने देश का नाम भारत रखने की जोरदार वकालत की थी लेकिन दुर्भाग्य से "इंडिया दैट इज भारत" संविधान में लिखा गया। पहले संविधान संशोधन और आपातकाल से पहले इंदिरा गांधी सरकार द्वारा संविधान संशोधन को भी उन्होंने नागरिक अभिव्यक्ति पर प्रतिबंध लगाने वाला बताया। भारतीय इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. ईश्वरशरण विश्वकर्मा ने कहा कि संविधान आज मन-मस्तिष्क से निकलकर केवल पॉकेट तक सीमित हो गया है। वैदिक काल से भारत में गणराज्य प्रणाली स्थापित थी जिसमें ग्राम गणराज्य भी शामिल थे। यदि संविधान में ग्राम गणराज्य नहीं है तो राम राज्य भी संभव नहीं है। उन्होंने शोधार्थियों को संविधान निर्माण के दौरान सांसदों की टिप्पणियां पढ़ने की सलाह दी जो संविधान निर्माताओं की मंशा को स्पष्ट करती हैं।

राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. बालमुकुंद पाण्डेय ने कहा कि संविधान की उद्देशिका को पढ़ने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि यह एक हिन्दू राष्ट्र के संविधान की प्रस्तावना है, न कि किसी सेक्युलर राष्ट्र की। भारतीय संस्कृति और मूल्यों में न्याय और धर्म सदैव नागरिक संस्कारों का हिस्सा रहे हैं। श्रीराम द्वारा बालि के वध का उल्लेख करते हुए उन्होंने इसे एक राजा का न्याय बताया। बालि ने जब श्रीराम से पूछा कि आप मुझे मारने वाले कौन हैं, तब श्रीराम ने उत्तर दिया कि यदि पाप का दंड नहीं दिया जाए तो उसका भागी राजा होता है और चक्रवर्ती सम्राट दशरथ के पुत्र के रूप में मैं इस दायित्व को निभा रहा हूं। उन्होंने नागरिक कर्तव्यों और संस्कारों की पालना को संविधान का धर्म बताया।

कुलपति प्रो. एसएस सारंगदेवोत ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि भारतीय इतिहास केवल एक कथा नहीं है बल्कि यह हमारी संस्कृति और संविधान की नींव है। भारतीय संस्कृति सहिष्णुता, विविधता और एकता का प्रतीक रही है और यही मूल्य हमारे संविधान में भी निहित हैं। वैदिक काल में राजधर्म ने शासकों को नैतिक रूप से उत्तरदायी बनने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि संविधान की प्रस्तावना से पहले "सत्यमेव जयते" के साथ तीन मुख वाले शेर का चित्र अंकित है जो यह दर्शाता है कि भारत में स्वाधीन गणतंत्र होगा और यहां भारतीयों के अतिरिक्त और किसी का शासन नहीं होगा। संविधान के भाग तीन में मूल अधिकारों से पहले रामायण का दृश्य अंकित है जो पहले कर्तव्यों और फिर अधिकारों की बात करता है।

डॉ. नरेंद्र शुक्ला ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में मेटा का चिह्न काल के डमरू का प्रतीक है। भारतीय विधि व्यवस्था सम्यक पर आधारित है और हमें अपने पांच हजार वर्ष पुराने सम्यक विधान पर गर्व है। उन्होंने कहा कि भारतीय मूल्यों को संविधान में कैसे प्रकट किया जाए, इस पर कार्य करने की आवश्यकता है।

संगोष्ठी में देश भर से 300 से अधिक युवा इतिहासकारों ने भाग लिया। कुलपति प्रो. एसएस सारंगदेवोत ने अतिथियों का स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। स्वागत उद्बोधन इतिहास संकलन समिति के क्षेत्रीय संगठन मंत्री छगनलाल बोहरा ने दिया। मंच पर भाजपा शहर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़, देहात जिला अध्यक्ष पुष्कर तेली, पूर्व अध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह चौहान, प्रदेश मंत्री मिथिलेश गौतम, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक हेमेंद्र श्रीमाली और वरिष्ठ इतिहासकार रोशन महात्मा भी उपस्थित थे।

डॉ. देव कोठारी और डॉ. महावीर प्रसाद जैन को बाबा साहब आप्टे सम्मान से सम्मानित किया गया। हिम्मत लाल दुग्गड़, रोशन महात्मा और हरकलाल पामेचा को वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मान प्रदान किया गया। संगोष्ठी के समन्वयक डॉ. जीवन सिंह खरकवाल और सह समन्वयक डॉ. विवेक भटनागर ने आयोजन की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संचालन डॉ. निर्मल पांडे ने किया जबकि सरस्वती वंदना डॉ. कुल शेखर व्यास और संकल्प वाचन डॉ. महामाया प्रसाद चौबीसा ने किया।

बेणेश्वर धाम पर मुख्य मेला 12 फरवरी को,आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर. सोम-जाखम-माही त्रिवेणी संगम के मुहाने पर स्थित बेणेश्वर धाम आयोजित होने वाले वागड़ क्षेत्र के सबसे बड़े बेणेश्वर मेले का आगाज हो चुका है। मुख्य मेला 12 फरवरी को आयोजित होगा। इस दौरान मेले में विविध कार्यक्रमों का आयोजन जिला प्रशासन, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, जिला खेल विभाग एवं पर्यटन विभाग के द्वारा किया जाएगा। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने बताया कि मेले के सफल संचालन के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं, विविध आयोजनो एवं सुरक्षा हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश धाकड़ ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजनों के तहत 9 फरवरी को सायं 7:00 बजे से भक्त लोक कलाकारों द्वारा भजन गायन का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में 10 फरवरी को सांय 7:00 बजे से रात 10:00 बजे तक राजस्थान के लोक कलाकारों द्वारा लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 11 फरवरी एवं 12 फरवरी को सायं 7:00 बजे से रात 10:00 बजे तक पश्चिमी सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर के लोक कलाकारों द्वारा पर्यटन विभाग के तत्वाधान में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। इसके साथ ही 'वागड़ नी रुपारी' ,'वागड़ श्री', गेर नृत्य, पगड़ी बांधना, परंपरागत एवं अन्य खेल प्रतियोगिताओं तथा दीपदान का भी आयोजन किया जाएगा।

शादी से 2 मिनट में 22 लाख के गहने-नकदी चोरी:मेहमानों की तरह आया शातिर युवक, स्टेज से बैग लेकर हो गया फरार



24 न्यूज अपडेट

सिरोही में एक शादी से चोर महज 2 मिनट में 22 लाख रुपए के गहने-नकदी लेकर फरार हो गया। होटल के सीसीटीवी में पूरी वारदात कैद हो गई है। फुटेज में दिख रहा है कि चोर मेहमान की तरह शादी में आया और चुपचाप स्टेज के पास से बैग लेकर होटल से निकल गया। घटना आबूरोड के सदर थाना इलाके में स्थित तलहटी स्थित भाग्य लक्ष्मी होटल की है। यहां शादी के दौरान स्टेज पर परिवार के लोग व्यस्त थे। इस दौरान एक अज्ञात व्यक्ति स्टेज के पास रखे बैग को उठाकर ले गया, जिसमें सोने के गहने, नकदी और मोबाइल था।

पीड़ित परिवार की शिकायत

थाना अधिकारी दर्शन सिंह ने बताया- गुरुनानक कॉलोनी निवासी शरद गुप्ता ने थाने में रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट के अनुसार 7 फरवरी को उनके चाचा के बेटे की शादी भाग्य लक्ष्मी होटल में थी। शरद की मां लीला गुप्ता के बैग में 25 से 28 तोला सोने के गहने, 50 हजार रुपए नकदी और मोबाइल रखा था। बैग में कुल 22 रुपए के गहने और नकदी थी। रात करीब 10 बजे शादी में आए एक अज्ञात युवक ने स्टेज के पास से बैग चुराकर ले गया।

एक दर्जन सीसीटीवी कैमरे खंगाले

घटना की सूचना पर रात में ड्यूटी पर तैनात हेड कॉन्स्टेबल बिनोद लांबा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सीसीटीवी चेक करने पर एक युवक बैग लेकर बाहर जाते नजर आया। पुलिस ने जगह-जगह नाकेबंदी कर युवक की तलाश शुरू की। आबूरोड सदर थाना अधिकारी दर्शन सिंह ने बताया- समारोह स्थल के साथ-साथ तलहटी चौराहे तक करीब एक दर्जन सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए हैं। चोर की तलाश के लिए तीन टीमें बनाई गई हैं।

मंदिरों की भोगराग की राशि दोगुनी, अंशकालीन पुजारियों का मानदेय बढ़ाकर 7500 रुपए प्रतिमाह



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, जयपुर। महाकुम्भ में संगम स्थल पर स्नान के बाद प्रयागराज स्थित राजस्थान मंडपम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की गई। 144 वर्ष के अंतराल पर हो रहे महाकुंभ के दौरान आयोजित इस बैठक में देवस्थान विभाग से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय किए गए। मंत्रिपरिषद की बैठक में देवस्थान विभाग के प्रत्यक्ष प्रभार श्रेणी के 390 मंदिरों एवं आत्म निर्भर श्रेणी के 203 मंदिरों में सेवा पूजा, भोग, प्रसाद, उत्सव, पोशाक, जल एवं प्रकाश, सुरक्षा संचालन व्यवस्था आदि के लिए भोगराग को दोगुना करते हुए 3 हजार रुपए प्रति मंदिर प्रति माह किए जाने का निर्णय लिया गया। एक और महत्वपूर्ण फैसला करते हुए देवस्थान विभाग में प्रत्यक्ष प्रभार एवं आत्म निर्भर मंदिरों में कार्यरत अंशकालीन पुजारियों को दिए जा रहे मानदेय को 5 हजार रुपए से बढ़ाकर 7500 रुपए प्रतिमाह करने की स्वीकृति प्रदान की गई। देवस्थान विभाग के प्रबंधित एवं नियंत्रित राजकीय प्रत्यक्ष प्रभार के 6 मंदिरों तथा आत्म निर्भर श्रेणी के 26 मंदिरों के जीर्णोद्धार, मरम्मत एवं विकास कार्यों के लिये 101 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। राज्य के बाहर स्थित देवस्थान विभाग के मंदिरों का सर्वे करवाते हुए इनकी वास्तविक संख्या पता कर इन्हें सूचीबद्ध किया जाएगा। जीर्ण-शीर्ण हो चुके ऐसे मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए 25 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। इन निर्णयों की स्वीकृति भी मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रदान की गई।

फरवरी में ही जारी होगा CET का रिजल्ट:बोर्ड अध्यक्ष बोले- ग्रेजुएशन लेवल का रिजल्ट अगले सप्ताह और सेकेंडरी लेवल भी इसी महीने जारी होगा



24 न्यूज अपडेट

राजस्थान में बेरोजगारों का इंतजार इसी महीने खत्म हो जाएगा। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा सामान पात्रता परीक्षा (सीईटी) ग्रेजुएशन लेवल और सेकेंडरी लेवल का रिजल्ट फरवरी के महीने में जारी किया जाएगा। इसके बाद पात्रता परीक्षा पास कर चुके अभ्यर्थी राजस्थान सरकार की अलग-अलग 23 भर्ती परीक्षाओं में हिस्सा ले सकेंगे। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज ने बताया- बोर्ड द्वारा सामान पात्रता परीक्षा ग्रेजुएशन लेवल का रिजल्ट लगभग तैयार कर लिया गया है। इसे रि-वेरिफिकेशन के बाद अगले सप्ताह जारी कर दिया जाएगा। वहीं, सामान पात्रता परीक्षा सेकेंडरी लेवल का रिजल्ट भी अंतिम दौर में है। इसे जल्द तैयार कर इसी महीने के आखिरी सप्ताह तक जारी करने की प्लानिंग है।

23 भर्तियों में हिस्सा ले सकेंगे

CET ग्रेजुएशन और सेकेंडरी लेवल के स्कोर के आधार पर अभ्यर्थी भविष्य में होने वाली 23 भर्तियों में हिस्सा ले सकेंगे। इसमें अभ्यर्थियों को न्यूनतम 40% अंक लाना अनिवार्य किया गया है। इससे कम अंक आने पर उन्हें अपात्र घोषित कर दिया जाएगा। हालांकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को न्यूनतम अंकों में 5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

राज्यपाल पहुंचे चावंड, समाधि स्थल पर की पुष्पांजलि अर्पित



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. सलूंबर। महाराणा प्रताप की 428वीं पुण्यतिथि पर राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े शनिवार को चावंड पहुंचे। राज्यपाल दोपहर 1.50 बजे चावंड हेलीपेड पर पहुंचेंगे और महाराणा प्रताप की आराध्य देवी के दर्शन कर सड़क मार्ग से महाराणा प्रताप की समाधि स्थल पर पहुंचे और महाराणा प्रताप स्मारक समिति चावंड द्वारा महाराणा प्रताप की 428वीं पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह के दौरान उन्होंने अपने उद्बोधन में महाराणा प्रताप शौर्य त्याग तपस्या बलिदान और राष्ट्रपति का जीता जागता उदाहरण है वीर शिरोमणि प्रताप ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने महलों का शहर त्याग कर दिया। उन्होंने जंगल में भटकना स्वीकार किया। लेकिन मुगलों की गुलामी स्वीकार नहीं कि यह बात अपने उद्बोधन में कहीं । 428वीं महाराणा प्रताप समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर राज्यपाल हरिभाऊ किशन राव बागडे सगतडा गांव पहुंचे । जहां करीब 40 साल पुराने मित्रों से आत्मीय मुलाकात की साथ ही पुरानी यादें ताजा करते हुए नरेंद्र जोशी के साथ बातचीत की व कुशलक्षेम पूछी।

ठेला चालक पर चाकूवार करने वाले 2 लड़के गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। थाना सूरजपोल में कपड़ा ठेला व्यवसायी केशरीमल लबाना पर चाकू से हमला करने के मामले में दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई है। प्रार्थी के अनुसार, उदियापोल चौराहे पर स्कूटी हटाने को लेकर हुए विवाद में अभियुक्तों ने उसे चाकू मारकर घायल कर दिया। पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा और वृताधिकारी छगन पुरोहित के सुपरविजन में थानाधिकारी रतन सिंह के नेतृत्व में टीम ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों को पकड़ा। घटना में प्रयुक्त चाकू और स्कूटी जब्त कर आगे की जांच जारी है। गिरफ्तार अभियुक्तों में अभिषेक उर्फ गोलू (शिव मंदिर के पास, जोगीवाड़ा, उदयपुर) और कपिल (धोली बावड़ी, देहली गेट, उदयपुर) शामिल हैं। टीम में रतन सिंह, तेज सिंह, भारमल और ओमप्रकाश ने विशेष भूमिका निभाई। बताया गया कि 24 जनवरी को प्रार्थी केशरीमल पिता तुलसीराम लबाना निवासी पारसोला जिला प्रतापगढ ने पुलिस में रिपोर्ट दी व कहा कि उदियापोल चौराहे पर कपड़े का ठेला लगाता हूं। सुबह करीब 3 बजे बाद उदियापोल पर एक एक्टीवा खड़ी थी। हटाने की बात को लेकर एक लड़के से बहस हो गई। लड़के ने साथियों को बुला कर मारपीट की तथा मारपीट के दौरानएक ने चाकू मार दिया। जिससेघायल हो गया और किसी नेएमबीजीएच उदयपुर में भर्ती कराया। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम अभिषेक उर्फ गोलु पिता संजय निवासी शिव मन्दिर के पास, जोगीवाडा, उदयपुर व कपिल पिता कमलेश निवासी धोली बावडी, देहली गेट, धानमण्डी जिला उदयपुर है।

जयपुर गैस टेंकर हादसे पर नन्हें वैज्ञानिक ने बनाया शानदार मॉडल



24 न्यूज अपडेट

जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी उदयपुर के बाल शिक्षा सदन उच्च माध्यमिक विद्यालय राता खेत में चल रही है। इसमें बच्चों ने शानदार मॉडल बनाए हैं। बच्चों ने 201 वैज्ञानिक मॉडल बनाए हैं जिनमें से सर्वश्रेष्ठ में से 20 फीसदी को राज्य स्तर पर भेजा जाएगा। चार सदस्यीय जूरी जिले से सर्वश्रेष्ठ मॉडल का चयन करेगी। आज राजकीय एवं निजी विद्यालयों के लिए एक दिवसीय कोडिंग और रोबोटिक्स हैकेथॉन का भी आयोजन किया गया। एक बच्चे ने जयपुर में हुए गैस टेंकर हादसे पर शानदार मॉडल बनाया जो सबके आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।